मुरली जीवन का आधार

Source: www.brahma-kumaris.com (Main Website) | www.bkgoogle.com (BK Google)

- **मुरली जीवन का आधार**

मुरली है संजीवनी बूंटी रोज पीते रहो जी भर के
माया की कड़ी बीमारी फिर भाग जाएगी डर के

निश्चय हो जब बाबा पर तो बन जाएगी तकदीर
पवित्र बनो इतने जितना कहलाता गंगा का नीर

योगयुक्त होकर रहना खुद को माया से बचाकर
मूल वतन को चलना ज्ञान योग के पंख लगाकर

याद करना बाबा को चाहे कैसी भी लगे बीमारी
ईश्वरीय याद की चढ़ी रहे नयनों में सदा खुमारी

कसते ही जाना मन बुद्धि पर श्रीमत की लगाम
शिव बाबा के आने का सबको देते जाना पैगाम

परिवर्तन का लक्ष्य लेकर दिनचर्या करना शुरू
कदम कदम पर तुम्हारा सहयोग करेगा सद्गुरु

सम्पूर्ण बनना हो जाएगा बिलकुल ही आसान
कभी नहीं सताएंगे तुम्हें माया के कोई तूफ़ान

आओ हम मुरली को जीवन का आधार बनाएं
मुरली की शिक्षाओं को अपनी श्वांसों में बसाएं
ॐ शांति।

by: BK Mukesh bhai - bkmukesh1973@gmail.com

For More **Poems**, visit – www.bkofficial.com/poems

OR scan this QR code with your phone camera ->